PRITI

Priti International Limited

CIN : L36994RJ2017PLC058454
+291 2435699
g.d.lohiya@gmail.com
https: //pritihome.com
Plot No. F-43, Basni, 1st Phase, Jodhpur,
Rajasthan - 342005 INDIA

May 28, 2024

To,
**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, Plot no. C/1, G Block,
Bandra Kurla Complex
Bandra (E), Mumbai, Maharashtra – 400 051
**Script Code: PRITI**

**Sub: Intimation under Regulation 47 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015**

Dear Sir(s)/Madam(s),

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015 please find enclosed the copies of newspaper advertisement published regarding financial results of Priti International Limited for the quarter and year ended March 31, 2024.

The Newspaper advertisement was published in following Newspapers:

1. Financial Express (English)
2. Nafa Nuksan (Hindi)

This is for your information and records.

Thanking you,


**For Priti International Limited**

RASHI SHRIMAL Digitally signed by RASHI SHRIMAL Date: 2024.05.28 16:50:24 +05'30'

**RASHI SHRIMAL**
**Company Secretary and Compliance officer**
**M. No. A60070**

## For Your Information

### Where does India import microchips/ integrated circuits from



China: 26.19%
Hong Kong: 20.11%
Taiwan: 15.23%
Ireland: 10.72%
Singapore: 9.86%
South Korea: 7.80%
Others: 10.06%
For Fy 2024
(TII)

Compiled by Nafanuksan Research

## अमृत वचन



किसी का दिल क्या जलाना? जलाना है तो प्रेम का दीप जलाइए ताकि उसके दिल से शिकायत का अंधेरा दूर हो।

- श्री चन्द्रप्रभ

## Thoughts of the time

Take heed and beware of covetousness for a man's life consisteth not in the abundance of the things which he possesseth.

- Lure12:15

Strength does not come from physical capacity. It comes from an indomitable will.

- Suresh Rathi

## राजस्थानी कहावत

### गुळ खावै अर गुलगुलां सूं रखौ

### गुड़ खाये और गुलगुलों से परहेज

- मूल वस्तु को तो खाना और उससे बने पकवान से परहेज करना।
- झूठा दिखावा करने वाले व्यक्ति के लिये।

*-स्व. विजय दान देथा*
*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

# 'व्यक्ति का माइण्ड सेट ही सफलता एवं विफलता के लिए जिम्मेदार'

**जोधपुर@निजी संवाददाता**

## 'मिलेनियर माइण्ड सेट' कार्यशाला में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ कारोबार में नवाचार की सीख



मरूधरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सभागार में प्रख्यात स्पीकर सीए प्रीतम कुमार गोस्वामी के सानिध्य में मिलेनियर माइण्ड सेट पर कार्यशाला आयोजित की गई।

सीए गोस्वामी ने अपने व्यापार को अगले पायदान तक ले जाना, निरंतरोत्तर बढ़ोतरी करना, व्यापार, उद्योग में आने वाली समस्याओं का सामना करना आदि विषयों पर रचनात्मक व प्रेक्टिकल तरीकों के बारे में विस्तृत चर्चा की। भविष्य में आने वाले ग्लोबल चैलेंज, टेक्नोलॉजी के विकास के साथ आने वाले चैलेंज की चर्चा की एवं प्रतिभागियों को निरंतर बदल रही टेक्नोलॉजी के बारे में जागरूक रहकर उद्योग-व्यापार में नवाचार करने की सीख दी। उद्यमी-व्यापारी के लिए प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए फाइनेंस आदि मुख्य समस्या नहीं होकर मुख्यत: व्यक्ति का माइण्ड सेट ही सफलता एवं असफलता के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यापार का आउटकम व्यक्ति के आइडिया, निर्णय क्षमता और किये जाने वाले कार्यों पर निर्भर है, लेकिन ये व्यक्ति की भावनाएं मान्यता व सोचने की शक्ति से गाइड होते है। उन्होंने विभिन्न प्रकार के माइण्ड सेट अथवा मनोदशा के बारे में विस्तार से उद्यमियों एवं प्रतिभागियों को जानकारी देकर उद्योग-व्यापार के विकास एवं विस्तार के टिप्स दिये। कार्यशाला के आरंभ में एमआईए अध्यक्ष दिलीप सोनी ने कार्यशाला में पधारे हुए उद्यमियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। सोनी ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार की प्रेरक कार्यशालाओं के माध्यम से उद्यमियों को अपने उद्योग के विकास एवं विस्तार में प्रेरणा मिलती है। कार्यशाला के अंत में एमआईए के सचिव संजय छाजेड़ ने कार्यशाला में पधारे हुए उद्यमियों एवं प्रतिभागियों का आभार जताया। कार्यशाला का संयोजन ट्रांसपोर्ट व्यवसायी एवं एमआईए के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर एमआईए के पूर्व अध्यक्ष कमल मेहता, एसके शर्मा, उमेश लीला, योगेश माहेश्वरी, उपाध्यक्ष निलेश संचेती व कार्यकारिणी सदस्य दिव्येश परिहार समेत कई उद्यमी उपस्थित थे।

# लोकसभा आम चुनावः एक मार्च से अब तक 1205 करोड़ रुपये की अवैध शराब, नकदी एवं अन्य सामग्री जब्त की

**जयपुर@कार्यालय संवाददाता**

राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और अवैध नकद राशि के रूप में 1205 करोड़ रूपए की कीमत से अधिक की जब्तियां की हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर अलग-अलग एजेंसियां कड़ी निगरानी कर रही हैं। 1 मार्च से अब तक प्रदेश में 1205 करोड़ रूपए से अधिक की जब्ती की गयी है। आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन विभाग के निर्देश पर 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 1100 करोड़ रुपये से ज्यादा है। 1 मार्च से अब तक राजस्थान में 12 जिलों में 40-40 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं और नकदी आदि जब्त की गई है।

गुप्ता ने बताया कि अलग-अलग एजेंसियों की ओर से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, इस वर्ष 1 मार्च से अब तक लगभग 43 करोड़ रुपये नकद, 257.35 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स, 49.36 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की शराब और लगभग 75.70 करोड़ रुपये मूल्य की सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की जब्ती की गई है। साथ ही, 779.32 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की अन्य सामग्री तथा लगभग 90 लाख रुपये मूल्य की मुफ्त वितरण की वस्तुएं (फ्रीबीज) भी जब्त की गई हैं।




**जिला वार जब्ती (राशि करोड़ रुपये में)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सिरोही | 70.80 | गंगानगर | 54.79 |
| जयपुर | 68.59 | जोधपुर | 54.67 |
| झुंझुनूं | 58.37 | चूरू | 53.79 |
| भीलवाड़ा | 56.81 | बाड़मेर | 44.47 |

## ब्रीफ न्यूज

### राज्य के आगामी परिवर्तित बजट 2024—25 के लिए नागरिकों, संगठनों आदि से सुझाव आमंत्रित

**जयपुर@का.सं.।** प्रदेश के विकास में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य के आगामी परिवर्तित बजट 2024—25 के लिए नागरिकों, संगठनों आदि से सुझााव आमंत्रित किये जायेंगे। राज्य के सर्वांगिण विकास के लिए प्रदेशवासी अपने सुझाव वित्त विभाग की वेबसाइट https://finance.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर जाकर दिनांक 15 जून तक दर्ज करा सकते हैं।

### डेयरी नाइस ब्रांड का 3480 लीटर घी सीज

**जयपुर@का.सं.।** मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा दल ने कार्रवाई करते हुए सीकर के पलसाना में करीब 3400 लीटर अमानक श्रेणी का घी सीज किया। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि संयुक्त आयुक्त डॉ. एस.एन. धौलपुरिया की अगुवाई में संयुक्त टीम ने पलसाना सीकर में बजरंग लाल समरवाल फार्म पर कार्रवाई करते हुए 3400 लीटर डेरी नाइस ब्रांड का घटिया और अमानक श्रेणी का घी पकड़ा। साथ ही झुंझुनूं और रींगस में भी इसी ब्रांड का लगभग 80 लीटर घी सीज किया गया है।

### बैलेंस शीट में की जा रही बहुत सी गलतियों को सुधारा जाना अत्यंत आवश्यकः सीए जिंदल



**कोटा@नि.सं.।** कोटा सीए ब्रांच की ओर से पुरुषार्थ भवन में अध्ययन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोटा सीए ब्रांच के अध्यक्ष सीए प्रकाश चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम के स्पीकर दिल्ली से सीए कार्तिक जिंदल व सीए अभिषेक राजाराम व इंदौर से सीए आशीष गोयल थे। नई दिल्ली के सीए कार्तिक जिंदल ने कहा कि नॉन फाइनेंशियल एंटिटी, जिसमें कंपनी के अलावा बाकी सभी करदाता शामिल है की ऑडिट के दौरान बैलेंस शीट में की जा रही कई सारी गलतियों को सुधारा जाना अत्यंत आवश्यक है। सीए अभिषेक राजाराम ने सीए सदस्यों को बताया कि जीएसटी में अपील के दौरान किन किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके अंतर्गत अपील ड्राफ्ट के समय कई सारे पहलुओं पर चर्चा की। इंदौर के सीए आशीष गोयल ने आयकर कानून के तहत किए जा रहे पुन: असेसमेंट की बारीकियों की जानकारी प्रदान की और साथ ही बताया कि डिपार्टमेंट द्वारा कई सारे नोटिस बिना नियमों को ध्यान में रखते हुए केवल विभाग के रेवेन्यू के आधार पर इश्यू कर दिये जाते है अत: ऐसे नोटिस का जवाब देते समय कई सारे सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश का हवाला दिया जाना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में सेशन चेयरमैन सीए महेश गुप्ता, एडवोकेट एम एल पाटौदी एवं सीए एस के विजय रहे। कार्यक्रम का संचालन सीए कुशल सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सीपीई चेयरमैन सीए रोहित पाटोदी, वाइस चेयरमैन सीए पंकज दाधीच, कोषाध्यक्ष सीए दीपक सिंघल, सीए निखिल जैन, सीए शशांक गर्ग, सीए विष्णु गर्ग, सीए दर्शन पिपलानी, सीए नवीन कुमार एवं इंदौर से सीए चर्चिल जैन सहित 150 से अधिक सीए उपस्थित थे।

## नेशनल ● इंटरनेशनल

# दिल्ली हाईकोर्ट ने अश्नीर ग्रोवर से कहा 80 करोड़ की सिक्यॉरिटी दो और अमेरिका जाओ

**नई दिल्ली@एजेंसी**

दोगलापन किताब लिखने वाले और दोगलापन तकियाकलाम के लिये मशहूर भारत पे के को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर को दिल्ली हाईकोर्ट ने अमेरिका जाने से पहले 80 करोड़ रुपये की संपत्ति सिक्यॉरिटी के रूप में जमा कराने को कहा है। इसके साथ ही, अदालत ने यह भी कहा कि वे यूएई नहीं जा सकते। चूंकि उनके पास गोल्डन वीजा है ऐसे में वे पहले अपना यूएई का कार्ड जमा करायें। गोल्डन वीजा से विदेशी नागरिकों को यूएई में 10 साल का निवास परमिट मिलता है।

अदालत ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ से कहा कि वह उनकी यात्रा के नियम और शर्तें तय करे। साथ ही ग्रोवर दम्पति को अदालत और जांच अधिकारियों दोनों को अपने यात्रा कार्यक्रम, आवास और संपर्क विवरण सहित अपनी यात्रा योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी का ब्यौरा भी प्रदान करना होगा।

अदालत ने अशनीर ग्रोवर और माधुरी जैन को भारतपे के शेयर को किसी भी तीसरे पक्ष को हस्तांतरित करने से पाबंद किया है।

ग्रोवर और जैन के खिलाफ फिनटेक भारतपे में 81 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है।

# आरबीआई का रिकॉर्ड लाभांश भुगतान 0.6 प्रतिशत जीडीपी के बराबरः फिच

**नयी दिल्ली@एजेंसी**




फिच रेटिंग्स ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सरकार को रिकॉर्ड लाभांश देने की घोषणा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 0.6 प्रतिशत के बराबर है लेकिन इस उच्च प्रतिशत के बरकरार रह पाने की संभावना बहुत कम है। आरबीआई के निदेशक मंडल ने पिछले सप्ताह वित्त वर्ष 2023-24 में अर्जित मुनाफे में से सरकार को रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश हस्तांतरित करने का निर्णय लिया था। यह अंतरिम बजट में निर्धारित 1.02 लाख करोड़ रुपये के अनुमान के दोगुने से भी अधिक है।

फिच ने बयान में कहा कि आरबीआई को पिछले वित्त वर्ष में अधिक लाभ होने के पीछे विदेशी परिसंपत्तियों पर उच्च ब्याज राजस्व की भूमिका नजर आती है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने अभी तक इस बारे में कोई ब्योरा नहीं दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''आरबीआई ने जीडीपी के 0.6 प्रतिशत के बराबर राशि सरकार को रिकॉर्ड-उच्च लाभांश के रूप में देने की घोषणा की। यह वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में अपेक्षित जीडीपी के 0.3 प्रतिशत से अधिक है। इससे अधिकारियों को अल्पावधि के घाटे में कटौती के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी।'' फिच ने कहा कि रिजर्व बैंक से सरकार को लाभांश हस्तांतरण विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जिनमें केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट और भारत की विनिमय दर पर मौजूद संपत्तियों का आकार और प्रदर्शन शामिल हैं। इसके साथ ही यह बैलेंस शीट में बफर रखने से संबंधित आरबीआई की राय से भी प्रभावित हो सकता है।

फिच ने कहा, ''हस्तांतरण की संभावित अस्थिरता का मतलब है कि उनके मध्यम अवधि के मार्ग के बारे में खासी अनिश्चितता है। हम यह अनुमान नहीं लगा पाते हैं कि जीडीपी के हिस्से के रूप में लाभांश इतने उच्चस्तर पर कायम रहेगा।'' हालांकि, इस अप्रत्याशित लाभांश हस्तांतरण से चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.1 प्रतिशत पर रखने के लक्ष्य करे हासिल किया जा सकेगा और इसका उपयोग मौजूदा लक्ष्य से परे घाटे को कम करने के लिए किया जा सकता है। चार जून को चुनाव परिणाम जारी होने के बाद नई सरकार का बजट जुलाई में पेश होने की संभावना है। उससे यह तय होगा कि इस लाभांश का इस्तेमाल किस तरह किया जाएगा। फिच ने कहा कि निरंतर घाटे में कमी, खासकर अगर टिकाऊ राजस्व बढ़ाने वाले सुधारों पर आधारित हो, तो मध्यम अवधि में भारत की सॉवरेन रेटिंग के बुनियादी सिद्धांतों के लिए सकारात्मक होगा।

# चौथी तिमाही में 6.1-6.7% रहेगी आर्थिक वृद्धि दर : अर्थशास्त्री

**नयी दिल्ली@एजेंसी।** बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.1 से 6.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। यह इससे पिछली तिमाहियों में दर्ज आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान लगाया है। सरकार चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और पूरे वित्त वर्ष के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान 31 मई को जारी करेगी।

अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर 7.6-7.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा कि मुख्य आंकड़े व्यापक रूप से मजबूत वृद्धि का संकेत देते हैं।

उन्होंने कहा, ''विनिर्माण गतिविधियां भी अच्छी रही हैं, और निर्माण से जुड़े और निवेश क्षेत्रों का प्रदर्शन भी बेहतर रहना चाहिए। हालांकि, कृषि क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ सकती है। हमारा अनुमान है कि चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहेगी और पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.6 प्रतिशत के करीब रहेगा।'' 31 मई, 2023 को जारी अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह आंकड़ा सात प्रतिशत था। भारद्वाज ने कहा, ''हम सेवा क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में कुछ नरमी देख रहे हैं। यही कारण है कि चौथी तिमाही में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 5.7 प्रतिशत और जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।'' जीडीपी एक निश्चित अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य होता है। वहीं जीडीपी में शुद्ध करों (कुल कर संग्रह में से सब्सिडी हटाकर) को हटाने पर जीवीए निकलता है। उन्होंने कहा, ''जहां तक चालू वित्त वर्ष (2024-25) का सवाल है, कोटक महिंद्रा बैंक को उम्मीद है कि वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहेगी। हालांकि, इसके ऊपर की ओर जाने की गुंजाइश है।''


**युनिवर्सल ऑटोफाउंड्री लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः बी 307, रोड नं. 16, वी.के.आई. एरिया, जयपुर 302 013 (राज.)
दूरभाषः 0141 4109598, CIN: L27310RJ2009PLC030038;
वेबसाइटः www.ufindia.com, ई-मेलः support@ufindia.in

**मार्च 31, 2024 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

1. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) के अनुसार तैयार कंपनी के लेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणामः

(₹ लाख में ईपीएस को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.03.2024 (अंकेक्षित) | तिमाही समाप्त 31.12.2023 (गैरअंकेक्षित) | तिमाही समाप्त 31.03.2024 (अंकेक्षित) | वार्षिक समाप्त 31.03.2024 (अंकेक्षित) | वार्षिक समाप्त 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 4844.28 | 4471.20 | 6083.74 | 20321.02 | 23711.85 |
| 2. | परिचालन लाभ (पीबीआईडीटी) | 494.25 | 17.21 | 538.59 | 1585.32 | 2556.20 |
| 3. | कर के पहले शुद्ध लाभ/(हानि) | 258.48 | (215.88) | 236.52 | 690.61 | 1477.06 |
| 4. | कर के बाद शुद्ध लाभ/(हानि) | 175.75 | (154.97) | 153.05 | 489.24 | 1048.92 |
| 5. | कुल व्यापक आय अवधि के लिए | 166.51 | (137.82) | 153.57 | 488.06 | 1056.83 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक 10 रुपये का) | 1243.45 | 1243.45 | 1211.25 | 1243.45 | 1211.25 |
| 7. | रिजर्व | - | - | - | 6051.10 | 4592.04 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु. 10/-प्रति का) | | | | | |
| | 1. मूल (रुपये में): | 1.34 | (1.14) | 1.51 | 4.06 | 10.38 |
| | 2. तरल (रुपये में): | 1.34 | (1.14) | 1.51 | 4.06 | 10.38 |

2. कंपनी के लेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणामों के मुख्य आंकड़े इस प्रकार हैं:

(₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.03.2024 (अंकेक्षित) | तिमाही समाप्त 31.12.2023 (गैरअंकेक्षित) | तिमाही समाप्त 31.03.2024 (अंकेक्षित) | वार्षिक समाप्त 31.03.2024 (अंकेक्षित) | वार्षिक समाप्त 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 4844.28 | 4471.20 | 6083.74 | 20321.02 | 23711.85 |
| 2. | कर के पहले शुद्ध लाभ/(हानि) | 258.48 | (215.88) | 236.52 | 690.61 | 1477.06 |
| 3. | कर के बाद शुद्ध लाभ/(हानि) | 175.75 | (154.97) | 153.05 | 489.24 | 1048.92 |

नोटः उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही और वर्ष समाप्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही और वार्षिक लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.ufindia.com पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
एसडी/-
विमल चंद जैन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00295667

जयपुर
दिनांकः 27.05.2024



**PRITI INTERNATIONAL LIMITED**

PLOT NO.F-43, BASNI IST PHASE, JODHPUR, RAJASTHAN- 342001 INDIA
PHONE: 91-291-2435699 Mobile: 91-9314225699
E-MAIL: g.d.lohiya@gmail.com CIN: L36994RJ2017PLC058454
https://www.pritihome.com

(Rs. in Lakhs)

**Extract of Standalone Financial Results for the quarter and the year ended March 31,2024**

| S. No. | Particulars | Quarter ended 31/03/2024 Audited | Quarter ended 31/12/2023 Unaudited | Quarter ended 31/03/2023 Audited | Year ended 31/03/2024 Audited | Year ended 31/03/2023 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 2972.84 | 2214.92 | 2906.65 | 9032.50 | 8285.48 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 184.24 | 412.95 | 279.38 | 1283.71 | 996.02 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 184.24 | 412.95 | 279.38 | 1283.71 | 953.92 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 134.09 | 309.02 | 224.32 | 956.76 | 711.55 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 130.57 | 289.18 | 224.32 | 949.97 | 711.55 |
| 6. | Equity Share Capital | 1335.33 | 1312.73 | 1161.88 | 1335.33 | 1161.88 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | 5408.96 | 3390.63 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | | |
| 1. | Basic: | 1.11 | 2.20 | 1.93 | 7.89 | 6.50 |
| 2. | Diluted: | 1.11 | 2.20 | 1.90 | 7.89 | 6.43 |

Note:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Annual Standalone Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Standalone Financial Results is available on the website of the Stock Exchange at (https://www.nseindia.com) and website of Priti International Limited at (https://pritihome.com/investor/).
2. The Audited Results have been reviewed by the Audit Committee of the Board at their meeting held on May 27, 2024 and approved by the Board of Directors of the Company at their meeting held on May 27, 2024.

FOR PRITI INTERNATIONAL LIMITED
SD/-
PRITI LOHIYA
MANAGING DIRECTOR
DIN: 07789249

Date: 27/05/2024
Place: Jodhpur